नाम................................ अनुक्रमांक................................

**A/10,000**

# वार्षिक परीक्षा, 2022
# जीव विज्ञान
# कक्षा–11

**समय : 3 घण्टा 15 मिनट]** **[पूर्णांक : 70**

**निर्देश– (a) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।**

**(b) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**(c) आवश्यकतानुसार अपने उत्तरों की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए।**

**(d) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए–**

**1. (क) कवकांश तथा शैवालांश किसमें पाए जाते हैं ?** **1**

**(a)** माइकोराइजा में **(b)** लाइकेन में

**(c)**] वाइरॉइड में **(d)** मोनेरा में

**(ख) जीन की व्यवस्था में परिवर्तन कहलाता है–** **1**

**(a)** सामान्य उत्परिवर्तन **(b)** बिन्दु उत्परिवर्तन

**(c)**] गुणसूत्र उत्परिवर्तन **(d)** जीनोम उत्परिवर्तन

**(ग) प्रकाशीय श्वसन होता है–** **1**

**(a)** माइटोकॉण्ड्रिया में **(b)** हरित लवक में

**(c)**] परऑक्सीसोम में **(d)** इन सभी में

**(घ) सामान्य डायस्टोल रक्तदाब होता है–** **1**

UPBoardHub

**(a)** 40 mm Hg **(b)** 70 mm Hg
**(c)**] 80 mm Hg **(d)** 120 mm Hg

# (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

**2.** (क) माइकोप्लाज्मा से उत्पन्न दो पादप रोगों के नाम बताइए। **1**

(ख) पत्र प्रकलिका किसे कहते हैं ? **1**

(ग) टमाटर पकने पर लाल क्यों हो जाता है ? **1**

(घ) $C_4$ पौधों के दो महत्व लिखिए। **1**

(ङ) सरीसृपों के वृक्कों का उत्सर्जी उत्पाद क्या होता है ? **1**

# (लघु उत्तरीय प्रश्न–I)

**3.** (क) साइकस के बीजाण्ड की लम्बकाट की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए। **2**

(ख) कूटचक्रक और सायथियम पुष्पक्रम में अन्तर लिखिए। **2**

(ग) सिस्टोलिथ पर टिप्पणी लिखिए। **2**

(घ) श्वसन तथा श्वासोच्छ्वास क्रियाओं में अन्तर बताइए। **2**

(ङ) कोशिका विभाजन का नियन्त्रण कौन करता है ? **2**

# (लघु उत्तरीय प्रश्न–II)

**4.** (क) मोलस्का संघ की विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। **3**

(ख) माइटोकॉण्ड्रिया तथा हरित लवक में अन्तर लिखिए। **3**

(ग) प्रकाश–संश्लेषण क्रिया को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। **3**

(घ) अन्तःस्रावी एवं बहिःस्रावी ग्रन्थियों में अन्तर लिखिए। **3**

UPBoardHub

5. (क) अरेखित पेशी तन्तु तथा रेखित पेशी तन्तु में अन्तर लिखिए। 3

(ख) 70S तथा 80S राइबोसोम्स में अन्तर लिखिए। 3

(ग) एन्जाइम के महत्वपूर्ण गुणों का वर्णन कीजिए। 3

(घ) CAM पौधों की अनुकूलता पर टिप्पणी लिखिए। 3

6. (क) विटामिन्स तथा हॉर्मोन्स में अन्तर लिखिए। 3

(ख) सोडियम–पोटैशियम पम्प पर टिप्पणी लिखिए। 3

(ग) प्लाज्मा प्रोटीन का क्या महत्व है ? 3

(घ) जैव समता की परिभाषा दीजिए और इसका महत्व बताइए। 3

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

7. साइकस के जीवन–चक्र का रेखाचित्र की सहायता से संक्षिप्त वर्णन कीजिए। पीढ़ी एकान्तरण को परिभाषित कीजिए। 5

अथवा

तंत्रिका ऊतक की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए।

8. मानव मूत्र की जैव–रासायनिक संरचना का सचित्र वर्णन एवं कार्य बताइए। 5

अथवा

DNA की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए।

9. पादप कोशिका में समसूत्री विभाजन का सचित्र वर्णन कीजिए। 5

अथवा

मानव के हृदय की क्रिया–विधि का सचित्र वर्णन कीजिए।

◊◊◊◊◊

UPBoardHub